MEDANTA



# शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी

INSTITUTE OF MUSCULOSKELETAL DISORDERS & ORTHOPAEDICS

## शोल्डर रिप्लेसमेंट क्या है?

शोल्डर रिप्लेसमेंट (कंधे का प्रतिस्थापन) एक सर्जिकल प्रक्रिया है जिसमें क्षतिग्रस्त कंधे के एक हिस्से या पूरे जोड़ को एक कृत्रिम प्रतिरोपण से बदल दिया जाता है। कंधे के जोड़ के गंभीर गठिया या चोट के लिए शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी एक उपचार विकल्प है। कंधे का जोड़ एक जटिल संरचना है जो अस्थि, मांसपेशियों, और टेंडन से बना होता है। अतः यह सर्जरी एक जटिल सर्जरी होती है।



## शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता कब होती है?

शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता निम्नलिखित स्थितियों में हो सकती है:

- कंधे के जोड़ का गठिया
- एवास्कुलर नेक्रोसिस (हड्डी में रक्त की आपूर्ति बाधित होना)
- कंधे के जोड़ में गंभीर चोट लगना
- कंधे के जोड़ के आस-पास के टेंडन का फटना
- कंधे की पुरानी चोट जो ठीक नहीं हो रही है और कंधे के जोड़ को नुकसान पहुंचा सकती है
- कंधे की पुरानी रिप्लेसमेंट सर्जरी के असफल होने पर
- रोटेटर कफ टीयर, जो कफ टीयर आर्थ्रोपैथी के विकास का कारण बनता है

## शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी से पहले क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?

शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी एक जटिल प्रक्रिया है। अतः इससे पहले निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए:

- मरीज़ डॉक्टर को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं, संक्रमण, चल रही दवाओं, या एलर्जी के बारे विस्तार से बताएं।
- डॉक्टर को सभी पूर्व मेडिकल रिपोर्ट्स और जानकारी के बारे में बताएं ताकि उपयुक्त उपचार योजना बनाई जा सके।
- डॉक्टर द्वारा बताए गए आहार और पीने के सुझाव का पालन करें।
- बेहतर रिकवरी के लिए सर्जरी से पहले और बाद में स्वास्थ्य और फिटनेस का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है।
- सर्जरी से पहले डॉक्टर द्वारा लिखित कुछ शारीरिक परीक्षण, जैसे रक्त परीक्षण, एक्स-रे, और सीटी स्कैन करवाएं।



## शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी के दौरान क्या होता है?

- शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी आमतौर पर दो से तीन घंटे तक चलती है।
- मरीज़ को एनेस्थीसिया दिया जाएगा, जिससे प्रक्रिया के दौरान मरीज़ बेहोश रहते हैं।
- फिर मरीज़ के कंधे तथा आसपास के क्षेत्र को साफ़ किया जाता है।

- सर्जन कंधे पर चीरा लगाते हैं और आवश्यकतानुसार क्षतिग्रस्त कंधे के एक हिस्से या पूरे जोड़, लिगामेंट, या टेंडन को हटाकर इंप्लांट लगाते हैं।
- अंत में सर्जन तंत्रिका और धमनियों की जाँच कर सर्जरी के क्षेत्र को बंद कर देते हैं।

## शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद क्या होता है?



प्रक्रिया के बाद मरीज़ को रिकवरी रूम में भेज दिया जाता है, जहां पर एक मेडिकल टीम मरीज़ के श्वसन, रक्तचाप, पल्स और तापमान पर निगरानी रखती है।

- सर्जरी के बाद मरीज़ को दर्द और सूजन कम करने के लिए दवाएँ दी जाती हैं।
- सर्जरी वाली जगह को साफ और सूखा रखने की सलाह दी जाती है।
- मरीज़ को कुछ दिन पूर्ण आराम करने और गतिविधियों को सीमित करने की सलाह दी जाती है।
- कुछ दिन पश्चात, मरीज़ को फ़िज़ियोथेरेपी करवाई जाती है।
- आमतौर पर मरीज़ सर्जरी के कुछ हफ़्तों या महीनों में सामान्य गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकते हैं।
- कुछ समय तक खेलों में भाग न लेने या भारी सामान उठाने से बचने की सलाह दी जाती है।
- शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद, मरीज़ को डॉक्टर से नियमित तौर पर परामर्श करते रहना चाहिए।



## शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्या जोखिम हो सकते हैं?

शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी के संभावित जोखिम निम्नलिखित हैं:

- संक्रमण
- रक्त का थक्का बनना
- कंधे की तंत्रिका या धमनियों में क्षति
- कंधे की मांसपेशियों, उपास्थि, और टेंडन को नुक़सान
- कंधे का फ्रैक्चर या जगह से हिल जाना
- ट्रांस्प्लांट से एलर्जी, उसका ढीला होना या अपनी जगह से हिलना
- सर्जरी के बाद उपयुक्त परिणाम न मिलना

## किन परिस्थितियों में तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें?

अगर मरीज़ को निम्नलिखित में से कोई भी लक्षण महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर को सूचित करें:

- दर्द या सूजन का बढ़ना
- बुख़ार या सर्दी लगना
- संक्रमण के लक्षण जैसे दर्द, सूजन, गर्माहट, या लालिमा होने पर
- कंधे की गतिशीलता कम होना
- अगर सर्जरी वाली जगह से रक्त या मवाद निकल रहा हो






24/7
सेवा

# मेदांता **24X7**
## आपातकालीन हेल्पलाइन
# 1068

अपॉइंटमेंट बुक करने
के लिए स्कैन करें

medanta हेल्पलाइन
**890-439-5588**
Visit us at : www.medanta.org

मेदांता नेटवर्क: गुरुग्राम । दिल्ली । लखनऊ । पटना । इंदौर । रांची । नोएडा *
शीघ्र प्रारम्भ